# COVID-19 फ़ैक्ट शीट #2

## ग्राहकों के लिए जानकारी

**अपडेट जारी किया गया: 17 मार्च 2020**
**जो टूही सीईओ द्वारा अनुमोदित**

*यह फ़ैक्ट शीट The Benevolent Society के ग्राहकों के लिए है – आगे वितरण के लिए नहीं।*

इस फ़ैक्ट शीट का उद्देश्य कोरोना वायरस (COVID-19) के प्रभाव के लिए The Benevolent Society के जवाब के बारे में ग्राहकों को सलाह प्रदान करना है।

### कोरोना वायरस और COVID-19 क्या है?

कोरोना वायरस इंसानों और जानवरों को बीमार कर सकता है। कुछ कोरोना वायरस से सामान्य सर्दी खांसी हो सकती है और कुछ अन्य से अधिक गंभीर रोग हो सकते हैं, जिनमें शामिल हैं गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम (Severe Acute Respiratory Syndrome) (एसएआरएस (SARS)) और मध्य पूर्व श्वसन सिंड्रोम (एमईआरएस (MERS))।

यह नया कोरोना वायरस चीन के हुबेई प्रांत में पैदा हुआ और इससे फैली बीमारी का नाम COVID-19 है।

### कोरोना वायरस कैसे फैलता है?

कोरोना वायरस अधिकतर व्यक्ति-से-व्यक्ति संपर्क से इनके माध्यम से फैलता है:

- संक्रमित व्यक्ति से सीधा निकट संपर्क (उनमें लक्षण दिखाई देने से पहले सहित)
- पुष्ट संक्रमण वाले उस व्यक्ति से निकट संपर्क जो खांसता या छींकता है; या
- पुष्ट संक्रमण वाले व्यक्ति के खांसने या छींकने से प्रदूषित हुई वस्तुओं या सतहों (जैसे दरवाजों के हैंडल या टेबल) को छूना और फिर अपने मुंह या चेहरे को छू लेना।

अधिकतर संक्रमण लोगों द्वारा तब संचारित किए जाते हैं जब उनमें लक्षण होते हैं। इन लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, थकान और सांस लेने में कठिनाई शामिल हो सकते हैं। किसी व्यक्ति में लक्षण दिखने से पहले भी संक्रमण संचारित हो सकता है, इसलिए अच्छा संक्रमण नियंत्रण और सामान्य स्वच्छता बरतना जरूरी है।

benevolent SOCIETY

benevolent.org.au

## रास्ट्रीय रूप से, फैलने से रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

27 फ़रवरी को, प्रधानमंत्री ने नॉवेल कोरोना वायरस (सीओवीआईडी-19) के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य क्षेत्र की आपातकालीन रिस्पॉंस योजना (Australian Health Sector Emergency Response Plan for Novel Coronavirus (COVID-19) को सक्रिय किया, जिससे यात्रा प्रतिबंध लागू करके ऑस्ट्रेलिया में वायरस के आगमन को धीमा करने के साथ ही, किसी संभावित वैश्विक महामारी के लिए राष्ट्रीय तैयारी सुनिश्चित करने के लिए लिए अतिरिक्त उपाय शुरू किए गए। इस फ़ैक्ट शीट में प्रदान की गई सलाह राष्ट्रमंडल और राज्य स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी पर आधारित है।

सुरक्षा उपायों के बारे में अधिक विस्तृत सलाह विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**यदि आपको COVID-19 होने का निदान किया गया है या संदेह है – तो तुरंत The Benevolent Society के कर्मचारी को सूचित करें। हम आपको जो सेवा दे सकते हैं उसे प्रदान करने का सबसे उपयुक्त तरीका ढूँढने के लिए आपके साथ काम करेंगे। कृपया ध्यान दें कि यदि आप या आपके परिवार के किसी सदस्य का निदान किया जाता है या अस्पताल में भर्ती किया जाता है तो सेवाएं निलंबित हो सकती हैं।**

यदि आप, या आपके परिवार के किसी सदस्य या मित्र, की पुष्ट COVID-19 संक्रमण वाले किसी व्यक्ति के संपर्क के रूप में पहचान की गई है, तो स्थानीय जन स्वास्थ्य इकाई सलाह के साथ आपसे संपर्क करेगी। आप या आपके परिवार के सदस्य/यों को संक्रमित व्यक्ति से संपर्क के बाद 14 दिन तक खुद को अपने घर पर पृथक रहना होगा और अपनी निगरानी करनी होगी तथा कोई लक्षण हो तो सूचना देनी होगी।

कोरोना वायरस का व्यक्ति से व्यक्ति फैलाव आमतौर से उन लोगों के बीच होता है जो एक दूसरे के निकट संपर्क में रहते हैं। कोई निकट संपर्क आमतौर से वह होता है जो किसी संक्रमित व्यक्ति के कम से कम 15 मिनट तक आमने-सामने रहता है या एक ही बंद स्थान में उसके साथ कम से कम 2 घंटे तक रहा हो।

जन स्वास्थ्य इकाई उन लोगों के संपर्क में रहेगी जो COVID-19 संक्रमण वाले रोगियों के निकट संपर्क हैं। यदि कोई लक्षण विकसित होते हैं तो संपर्कों को उन लक्षणों की सूचना देने के लिए जन स्वास्थ्य इकाई को फोन करना होगा।

## यदि मैं किसी विदेश यात्रा से लौटा/ लौटी हूँ तो क्या मुझे खुद को अलग करनेकी आवश्यकता है?

The Benevolent Society ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य विभाग (Australian Department of Health) और राज्य के स्वास्थ्य प्राधिकारियों की सलाह का पालन कर रही है। इस सलाह के अनुरूप, हम उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में यात्रा करने वाले, या जो वायरस के संपर्क में आ सकने वाले लोगों के संबंध में रोकथाम की पहल कर रहे हैं।

यदि आपने विदेश यात्रा की है और ऑस्ट्रेलिया लौटे/लौटी हैं, तो आपको 14 दिन के लिए **खुद को अलग** करना होगा। घर पर **खुद को अलग करने**का मतलब है:

- कार्य, स्कूल, बाजारों. बालसेवा या विश्वविद्यालय जैसे सार्वजनिक स्थानों में न जाएँ।
- आपके लिए भोजन और अन्य जरूरत की चीजें लाने और उन्हें आपके सामने वाले दरवाजे पर छोड़ने के लिए किसी को कहें।
- आगंतुकों को अंदर न आने दें – आमतौर से जो आप के साथ रहते हैं केवल वही आपके घर में रहने चाहिए
- सुनिश्चित करें कि आप घर के एक कमरे में ही रहें ताकि परिवार के अन्य सदस्यों को संक्रमित न करें। अधिक जानकारी health.gov.au पर।

घर पर **खुद को अलग करने**की आवश्यकता वाले क्लाइंटों का एक केंद्रीय रजिस्टर The Benevolent Society के राष्ट्रीय कार्यालय में रखा जाएगा, जिस तक The Benevolent Society आपदा प्रबंधन टीम (Crisis Management Team) और अन्य प्रमुख कार्मिकों की पहुँच होगी। रजिस्टर में निम्नलिखित जानकारी शामिल होगी:

- क्लाइंट का नाम
- प्रदान की गई सेवा
- The Benevolent Society में मुख्य संपर्क
- पृथक्करण की आरंभ तिथि और कारण
- कार्य पर लौटने की संभावित तिथि।

**और किसको खुद को अलग करनेकी आवश्यकता है?**

पिछले 14 दिनों में कोरोना वायरस के पुष्ट मामले के निकट संपर्क में रहने वाले क्लाइंट को (पुष्ट मामले से अंतिम संपर्क के बाद 14 दिन के लिए **खुद को अलग** करना होगा)

अगर इस फ़ैक्ट शीट के संबंध में आपकी कोई चिंता या प्रश्न है तो कृपया The Benevolent Society में अपने संपर्क से बात करें।

फोन करें **1800 236 762** या ईमेल करें: customercare@benevolent.org.au